**जनपद हमीरपुर**

**थाना-बिवांर** **दिनांक 11.08.2026**

**थाना बिवांर पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण, फर्जी फंसाने की साजिश का खुलासा, मु0अ0सं0 158/2026 धारा 109(1)/61(2) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे।**

**घटना का विवरण –**

दिनांक 09.08.2026 को वादिया श्रीमती कल्पना सिंह पत्नी धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मवईजार, थाना बिवांर, जनपद हमीरपुर द्वारा थाना बिवांर पर लिखित सूचना दी गई थी कि भुजबल सिंह, अजय सिंह व जयसिंह पुत्रगण स्व0 शिवपाल सिंह निवासीगण ग्राम मवईजार द्वारा उनके देवर जितेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह को गाली-गलौज करते हुए बाएं पैर में गोली मार दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बिवांर पर मु0अ0सं0 158/2026 धारा 109(1), 352, 351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

विवेचना के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, साक्ष्य संकलन तथा गवाहों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि घायल जितेन्द्र सिंह का नामजद आरोपियों से भूमि विवाद चल रहा था तथा उन्हें मुकदमे में फंसाने हेतु सुनियोजित षड्यंत्र रचकर स्वयं अपने साथियों के माध्यम से घटना कारित कराई गई थी। विवेचना से सुधांशु सिंह उर्फ राजा सिंह, फरमान, शिववीर सिंह, दीपांशु सिंह तथा जितेन्द्र सिंह के नाम प्रकाश में आए।

**पुलिस कार्यवाही का विवरण-**

आज दिनांक 11.08.2026 को थाना बिवांर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त 1. सुधांशु उर्फ राजा सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम घुघुवा थाना रेहुना जनपद कानपुर नगर तथा 2. फरमान पुत्र स्व0 इरफान उम्र करीब 24 वर्ष निवासी कस्बा व थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर को अभिनव प्रज्ञा डिग्री कॉलेज के पास बने बस स्टैंड ग्राम निवादा थाना बिवांर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त फरमान के कब्जे से एक अदद देशी पिस्टल 32 बोर, एक अदद जीवित कारतूस 32 बोर तथा तीन अदद खोखा कारतूस 32 बोर बरामद हुए। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 61(2) बीएनएस तथा धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है तथा धारा 352 व 351(3) बीएनएस का लोप किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

- सुधांशु उर्फ राजा सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम घुघुवा थाना रेहुना जनपद कानपुर नगर
- फरमान पुत्र स्व0 इरफान, निवासी कस्बा व थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर

**बरामदगी**

- एक अदद देशी पिस्टल 32 बोर
- एक अदद जीवित कारतूस 32 बोर
- तीन अदद खोखा कारतूस 32 बोर

**गिरफ्तारी का स्थान**

अभिनव प्रज्ञा डिग्री कॉलेज थाना बिवांर, हमीरपुर

**पुलिस टीम**

- उ0नि0 मो0 सुल्तान
- का0 अभिषेक कुमार
- रि0का0 सूर्यजीत यादव
- रि0का0 प्रदीप कुमार

